# मध्यप्रदेश विधान सभा

## नवम्बर-दिसम्बर, 2011 सत्र

## दैनिक कार्य सूची

सोमवार, दिनांक 28 नवम्बर, 2011 (अग्रहायण 7, 1933)

**समय 10.30 बजे दिन**

### 1. निधन का उल्लेख

निम्नलिखित के निधन संबंधी उल्लेख :-

(1) श्री रामगोपाल गुप्ता, पूर्व सदस्य विधान सभा,

(2) श्री रामाश्रय प्रसाद, पूर्व सदस्य विधान सभा, तथा

(3) श्री रामकिशन अहिरवार, पूर्व सदस्य विधान सभा.

### 2. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

### 3. पत्रों का पटल पर रखा जाना

(1) श्री तुकोजीराव पवार, पर्यटन मंत्री, कम्पनीज एक्ट, 1956 की धारा 619-क की उपधारा (3) (ख) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित का 31वां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2008-2009 पटल पर रखेंगे.

(2) श्री कन्हैयालाल अग्रवाल, राज्यमंत्री नर्मदा घाटी विकास, कम्पनीज एक्ट, 1956 की धारा 619-क की उपधारा (3) (ख) की अपेक्षानुसार एन.एच.डी.सी. लिमिटेड की वार्षिक रिपोर्ट वर्ष 2010-2011 पटल पर रखेंगे.

### 4. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्री राधेश्याम पाटीदार, सदस्य, मंदसौर जिले में आदिवासी छात्रावास कागजों में संचालित होने की ओर आदिम जाति कल्याण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री श्रीकान्त दुबे, सदस्य, पन्ना ग्राम पंचायत मोहना में शासकीय भूमि पर लगे पेड़ों की कटाई कर अतिक्रमण किये जाने की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

### 5. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री अभय कुमार मिश्रा, सदस्य, रीवा जिले के -
- (क) सेमरिया पशु औषधालय का भवन स्वीकृत किये जाने,
- (ख) सेमरिया देव स्थल वसामन मामा को धार्मिक स्थल घोषित किये जाने,
- (ग) ग्राम तिघरा के शासकीय हाई स्कूल का उन्नयन किये जाने,
- (घ) सेमरिया नगर के गैवीनाथ तालाब का सौदर्यीकरण किये जाने,
- (ङ) ग्राम बहरिया में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने,

(2) श्री मानवेन्द्र सिह, सदस्य, छतरपुर जिले के -
- (क) ग्राम मचा में हैंड पंप खनन किये जाने,
- (ख) ग्राम करारा गंज से भुजरया तालाब तक रोड का डामरीकरण कराये जाने,
- (ग) ग्राम नाऊपहारिया-लहरदा के विकास स्थल पर हैंडपंप खनन किये जने,
- (घ) ग्राम नाऊपहारिया के धार्मिक स्थल हनुमान मंदिर के पास हैंड पंप खनन किये जाने,
- (ङ) ग्राम कुकरैल के वार्ड नं. 19 में सी.सी. रोड निर्माण किये जाने,
- (च) ग्राम चंदपुरा में बहुउद्देशीय भवन स्वीकृत किये जाने,
- (छ) ग्राम सैला में सी.सी. रोड निर्माण किये जाने, तथा
- (ज) ग्राम कराठा में नवीन ट्रांसफार्मर लगाये जाने,

(3) श्री रामनिवास रावत, सदस्य, श्योपुर जिले के -
- (क) ग्राम ओछापुरा में हाईस्कूल का भवन निर्माण किये जाने,
- (ख) तहसील विजयपुर में अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं हेतु छात्रावास निर्माण किये जाने,
- (ग) विजयपुर मोहना मार्ग के डाबी नाला पर पुलिया निर्माण किये जाने,
- (घ) विजयपुर मोहना मार्ग स्थित सुखनद नदी पर पुलिया निर्माण किये जाने,
- (ङ) ग्राम आर्रोद से किशनपुरा तक मार्ग निर्माण किये जाने, तथा
- (च) ग्राम खेड़ा में प्राथमिक शिक्षा हेतु सेटेलाइट शाला स्वीकृत किये जाने,

-2-

(4) श्री सुनील जायसवाल, सदस्य, नरसिंहपुर जिले के -

(क) ग्राम आमगांव एवं सिमरिया खुर्द के बीच नाले पर पुलिया निर्माण किये जाने,
(ख) ग्राम बिछुआ कला से रमखिरिया तक सड़क निर्माण किये जाने,
(ग) ग्राम मुराछ में हायर सेकेण्ड्री स्कूल खोले जाने, तथा
(घ) ग्राम नयाखेड़ा के नाले पर रपटा निर्माण किये जाने,

(5) श्री बृजेन्द्र सिंह, सदस्य, टीकमगढ़ जिले के -

(क) ग्राम जेर्रा से ढ़ाना तक मार्ग का डामरीकरण कराये जाने,
(ख) ग्राम लगीबारिया से चोमों तक मार्ग निर्माण कराये जाने,
(ग) ग्याजीतपुरा से छेदा तक सड़क निर्माण कराये जाने,
(घ) मोहनगढ़, केशवगढ़, जैरोन, बिछौरा में किलों का जीर्णोद्धार किये जाने, तथा
(ङ) बीर सागर एवं अक्षकमाता को पर्यटन स्थल घोषित किये जाने,

(6) श्री कमलेश जाटव, एडवोकेट, सदस्य, मुरैना जिले के -

(क) ग्राम रुअर में शासकीय माध्यमिक विद्यालय का उन्नयन किये जाने,
(ख) तहसील अम्बाह क्षेत्र में विद्युतीकरण कराये जाने, तथा
(ग) ग्राम बिचौला से ककरारी मार्ग के नाले पर पुलिया निर्माण किये जाने,

(7) डॉ. निशिथ पटेल, सदस्य, कटनी जिले के -

(क) ग्राम मटवारा में नवीन नल जल योजना प्रारंभ किये जाने,
(ख) ग्राम रीठी क्षेत्र में विद्युत कटौती रोके जाने,
(ग) ग्राम सलैया के समीप पतेन नदी पर स्टाप डेम निर्माण किये जाने,
(घ) ग्राम छपरा के खेल मैदान से अतिक्रमण हटाये जाने,
(ङ) ग्राम खिरहनी में वर्षा ऋतु के पानी की निकासी किये जाने,
(च) ग्राम राखी के वार्ड क्रमांक 11 में हैंड पंप खनन किये जाने,
(छ) ग्राम इमला के क्षतिग्रस्त मकानों का मुआवजा दिलाये जाने,
(ज) ग्राम भखरखारा से पिपरिया (पौड़ी) तक सड़क निर्माण कराये जाने, तथा
(झ) ग्राम उदयपुरा में हैडपंप खनन किये जाने,

(8) श्री संजय पाठक, सदस्य, कटनी जिले के

(क) ग्राम कुठिया महगवां में हाई स्कूल का उन्नयन किये जाने,
(ख) कैमोर नगर की कन्या माध्यमिक शाला का उन्नयन किये जाने,
(ग) ग्राम अमेहटा की शासकीय माध्यमिक शाला का उन्नयन किये जाने,
(घ) ग्राम खरखरी के हाई स्कूल का उन्नयन किये जाने,
(ङ) ग्राम कछडारी में प्राथमिक शाला खोले जाने,
(च) ग्राम पिपरिया कला के कन्या माध्यमिक शाला का उन्नयन किये जाने,
(छ) बरही नगर के कन्या हाई स्कूल का उन्नयन किये जाने,
(ज) ग्राम बनगवाँ, बिचपुरा तथा करौंदी खुर्द में प्राथमिक कन्या शाला खोले जाने,
(झ) ग्राम हदरहटा, जगुआ में कन्या स्कूल खोले जाने,
(ञ) ग्राम पिपरा, धवैया, काटी, राजरवारा में कन्या शाला खोले जाने, तथा
(ट) ग्राम सिनगौड़ी में काटी, रजरव कन्या प्राथमिक शाला का उन्नयन किये जाने,

(9) इंजी. प्रदीप लारिया, सदस्य, सागर जिले के -

(क) ग्राम वसिया मानसा के शमशान घाट पर टीन शेड का निर्माण किये जाने,
(ख) ग्राम गुड़ा में हायर सेकेण्ड्री स्कूल खोले जाने,
(ग) ग्राम सेमरा बाग में स्टाप डेम कम रपटा का निर्माण किये जाने,
(घ) ग्राम बिहारीपुरा में मिडिल स्कूल खोले जाने,
(ङ) ग्राम सांईखेड़ा में विद्युत सब स्टेशन बनाये जाने, तथा
(च) ग्राम गुड़ा में आंगनबाड़ी भवन का निर्माण किये जाने,

के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

## 6. मंत्रिमंडल पर अविश्वास का प्रस्ताव

श्री अजय सिंह, नेता प्रतिपक्ष निम्नलिखित प्रस्ताव करेंगे.

"यह सदन मुख्यमंत्री, श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में कार्यरत मंत्रिमंडल के प्रति अविश्वास प्रकट करता है."

**राजकुमार पांडे**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा.**

**भोपाल :**
**दिनांक : 27 नवम्बर, 2011**